www.facebook.com/kheldhaba www.youtube.com/kheldhaba www.twitter.com/kheldhaba www.kheldhaba.com

खेल ढाबा

पटना, मंगलवार, 19 सितम्बर, 2023, ई-पेपर

RNI NUMBER APPLIED

इतने लंबे समय तक डेविस कप खेलने पर गर्व है: बोपन्ना पेज 03

मोइनुल हक कप फुटबॉल : मुंगेर व जमुई अगले चरण में पेज 02

भारत एशियन गेम्स में जीतेगा गोल्ड मेडल : रिंकू सिंह पेज 03

विराट कोहली ने इंस्टाग्राम पर अपने पसंदीदा सिंगर को अनफॉलो पेज 04

संक्षिप्त खबरें

टीम इंडिया में हुई सरप्राइज इंट्री

टीम इंडिया में हुई सरप्राइज इंट्री ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन वनडे मैचों की सीरीज के लिए भारतीय टीम का ऐलान कर दिया गया है। सीरीज के पहले दो मैचों में टीम के सीनियर खिलाड़ी रोहित शर्मा और विराट कोहली को आराम दिया गया है। वहीं तीसरे वनडे में ये दोनों खिलाड़ियों वापसी करेंगे। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन मैचों की इस वनडे सीरीज में खास तौर से रविचंद्रन अश्विन और वॉशिंगटन सुंदर को मौका मिलना उनकी सरप्राइज एंट्री मानी जा रही है।

गौरतलब है कि अश्विन पिछले डेढ़ साल में भारत के लिए सिर्फ दो वनडे मैचों में मैदान पर उतरे हैं। हालांकि इस दौरान वह टीम इंडिया के लिए लगातार टेस्ट में खेलते रहे हैं। टेस्ट में अश्विन का टीम इंडिया के लिए दमदार प्रदर्शन रहा है, लेकिन वनडे टीम में उनकी इंट्री काफी हैरान करने वाली है। एशिया कप में भी अश्विन के नाम की चर्चा खूब हुई थी लेकिन उन्हें टीम में नहीं चुना गया था। इसके बाद विश्व कप के लिए 15 सदस्यीय टीम में भी उनका नाम नहीं था। ऐसे में अब तीन मैचों की सीरीज में उन्हें मौका दिया जाना टीम इंडिया की एक अलग रणनीति को साबित करती है।

विशेष पेज-4 पर

एशियन गेम्स की खबरें पेज-3 पर और मिशन विश्व कप पेज-4 पर

हांगझू एशियाड में हिस्सा लेने पहुंची भारतीय फुटबॉल टीम।



आज एशियाड में भारत

फुटबॉल पुरुष
भारत बनाम चीन (शाम पांच बजे)

वॉलीबॉल पुरुष
भारत बनाम कंबोडिया (शाम 4.30 बजे)

जमशेदपुर और गोड्डा फाइनल में

गढ़वा, 18 सितंबर

जमशेदपुर ने गढ़वा जिला फुटबॉल संघ के द्वारा आयोजित झारखंड अंतर जिला फुटबॉल प्रतियोगिता के फाइनल में अपनी जगह बना ली है। प्रतियोगिता के पहले सेमीफाइनल मैच जमशेदपुर ने गिरिडीह को 7-0 से हराया। पहले हाफ में जमशेदपुर की टीम 4-0 से आगे था।

अटौला के सिद्धबन मैदान पर खेले गए इस मैच में जमशेदपुर की टीम गिरिडीह पर हर तरह से भारी पड़ा। फाइनल मुकाबले में जमशेदपुर का मुकाबला गोड्डा से होगा। गोड्डा ने बोकारो को 2-1 से हरा कर फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल मुकाबला रंका उच्च विद्यालय के मैदान में 20 सितंबर को खेला जायेगा। रंका में आयोजित होने वाले फाइनल मैच के लेकर तैयारी जारी है। सारे अतिथियों को बैठाने आने-जाने और मैदान की सारी व्यवस्था की जा रही है। इससे पहले सोमवार को मैच में मुख्य अतिथि झारखंड फुटबॉल संघ के प्रदेश अध्यक्ष सह स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने मैच का उद्घाटन खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त कर किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि यहां की भीड़ यह बता रही है कि आज भी फुटबॉल खेल का जुनून दूर-दूर तक गांव में जिंदा है। बहुत दूर-दूर से यहां दर्शक मैदान में खेल को देखने के लिए आए हुए। उन्होंने कहा कि इस मैदान में खेलने वाले खिलाड़ियों के लिए पीने के लिए एक बोरिंग चापाकल की जरूरत थी जिसे पूरा करा दिया गया है। इसके उपरांत उपायुक्त शेखर जमुआर, आयोजन समिति के अध्यक्ष राज महेश्वरम, सचिव आलोक मिश्रा, ओलम्पिक संघ के अध्यक्ष शैलेंद्र पाठक, वरीय उपाध्यक्ष उदय नारायण तिवारी, जिला अध्यक्ष तनवीर आलम, जिला सचिव मनोज ठाकुर, जिला बी सूत्री उपाध्यक्ष नितेश सिंह, मेराल प्रमुख दीप माला, चेचरिया पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि राजेन्द्र चौधरी, खेल प्रतिनिधि ओमप्रकाश गुप्ता, धीरज दुबे, प्रखंड अध्यक्ष फुजैल अहमद, अधिवक्ता राकेश त्रिपाठी, अरविंद कुमार, धर्मेंद्र कुमार पाल, एस पी यादव, कौशलेश तिवारी, लक्ष्मण राम, उवेन्द्र राम, पुरान तिवारी, सहित कई लोग उपस्थित थे। मंच संचालन जिला प्रवक्ता धीरज दुबे ने किया।

झारखंड अंतर जिला फुटबॉल

- सेमीफाइनल में गोड्डा ने बोकारो को 2-1 से जबकि जमशेदपुर ने गिरिडीह को 7-1 से पराजित किया
- फाइनल मुकाबला 20 सितंबर को रंका मैदान पर, फाइनल मुकाबले की तैयारी जोरों पर

कपिल देव की वर्ल्ड कप पर भविष्यवाणी, भारत जीतेगा

नई दिल्ली। भारत के पूर्व कप्तान कपिल देव का मानना है कि भारतीय टीम अपनी धरती पर वनडे विश्व कप जीत सकती है लेकिन उन्होंने कहा कि प्रबल दावेदार का ठप्पा लगाना सही नहीं है, क्योंकि बहुत कुछ तकदीर पर निर्भर करेगा। कपिल ने कहा कि अगर हम शीर्ष चार में आ गए तो यह महत्वपूर्ण होगा। इसके बाद से किस्मत की बात है।' उन्होंने इतर कहा, 'हम अभी नहीं कह सकते कि हम प्रबल दावेदार है। हमारी टीम अच्छी है। दिल कुछ कहता है और दिमाग कहता है कि अभी काफी मेहनत करनी होगी। मैं अपनी टीम को जानता हूं लेकिन दूसरी टीमों को नहीं जानता। ऐसे में जवाब देना गलत होगा।'

उन्होंने कहा, 'जहां तक भारत का सवाल है तो यह टीम जीत सकती है। उन्हें जुनून के साथ खेलना चाहिए।' भारत ने श्रीलंका को एशिया कप फाइनल में दस विकेट से हराकर खिताब जीता। उन्होंने कहा, 'सिराज ने शानदार गेंदबाजी की। मुझे खुशी है कि अब हर देश में हमारे तेज गेंदबाज दस विकेट ले रहे हैं। यह सोने पे सुहागा है। एक समय पर हम स्पिनरों पर निर्भर थे लेकिन अब ऐसा नहीं है। यही इस टीम की ताकत है।'

कपिल ने यह भी कहा कि बतौर प्रशंसक वह करीबी मुकाबला देखना चाहते हैं, एशिया कप की तरह एकतरफा मुकाबले नहीं। उन्होंने कहा, 'एक क्रिकेटर के तौर पर मुझे करीबी मुकाबले देखना पसंद है। लेकिन बतौर खिलाड़ी मैं चाहूंगा कि उन्हें 30 रन पर आउट करके मैच जीत लूं। एक दर्शक के तौर पर मैं करीबी मुकाबले देखना चाहूंगा।' कपिल ने सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल की तारीफ करते हुए कहा, 'यह ऐसा युवा खिलाड़ी है जो भारतीय क्रिकेट का भविष्य है। भारत में इस तरह का खिलाड़ी होना गर्व की बात है।' शिखर धवन, रविचंद्रन अश्विन और युजवेंद्र चहल जैसे सीनियर खिलाड़ी विश्व कप टीम में जगह नहीं बना सके। कपिल ने हालांकि चयनकर्ताओं का बचाव करते हुए कहा, 'जो टीम में जगह नहीं बना सके, उनको लेकर बात हो रही है। सभी की अपनी राय है।

मिशन एशियाड

मिलिए हांगझोउ एशियाई खेलों में भाग लेने जा रहीं कुछ भारतीय सुपर मॉम्स से

मेडल जीतने उतरेंगी भारत की ये सुपर मॉम्स

किसी भी मां के लिए बच्चे को जन्म देने के बाद काम पर लौटना एक कठिन काम होता है पर उस काम से लगाव समेत अन्य चीजें मां को अपने काम पर खींच लाती हैं। कुछ मां अपने जिंदगी की गाड़ी चलाने के लिए काम पर लौटती हैं तो किसी का उस काम के प्रति पैशन को लेकर लौटता पड़ता है। कुछ ऐसा ही होता है खेल में जो पैशन सुपर मॉम को अपने खेल के प्रति खींच लाई है और बड़ी संख्या में भारतीय महिला खिलाड़ी अब प्रतिस्पर्धा जारी रखकर रूढ़िवादिता को तोड़ रही हैं। भारत में मां बनने के बाद खेल जारी रखने वाली सबसे प्रसिद्ध 'सुपर मॉम' शायद दिग्गज मुक्केबाज मेरीकोम और छह बार की ग्रैंड स्लैम विजेता सानिया मिर्जा हैं। हम आपको आज यहां बताने जा रहे हैं 23 सितंबर से शुरू होने वाले हांगझोउ एशियाई खेलों में उन सुपर मॉम के बारे में जो अपने देश के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगी और पदक जीत नाम रौशन करेंगी।

दीपिका पल्लीकल (स्क्वैश)

भारतीय स्क्वाश की 'पोस्टर गर्ल' दीपिका पल्लीकल देश के लिए लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रही हैं। उन्होंने जोशना चिनप्पा के साथ मिलकर 2014 में ग्लास्गो राष्ट्रमंडल खेलों में स्क्वैश में भारत का पहला स्वर्ण पदक जीता। उनकी अन्य उपलब्धियों में विश्व रैंकिंग में शीर्ष 10 में जगह बनाने वाली पहली भारतीय महिला बनने के अलावा विश्व चैंपियनशिप, राष्ट्रमंडल खेलों और एशियाई खेलों में कई पदक जीतना भी शामिल है। अक्टूबर 2021 में उनके और उनके पति भारतीय क्रिकेटर दिनेश कार्तिक के घर जुड़वां लड़कों कबीर और जियान का जन्म हुआ। इसके कुछ महीने बाद दीपिका ने स्क्वैश कोर्ट पर वापसी की और बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में मिश्रित युगल में कांस्य पदक जीता। आशा है कि हांगझोउ एशियाई खेलों में दीपिका मिश्रित युगल स्पर्धा में भाग लेंगी और संभवतः यह उनके अंतिम एशियाई खेल होंगे।

कोनेरू हंपी (शतरंज)

यह ग्रैंडमास्टर भारत की बेहतरीन शतरंज खिलाड़ियों में से एक है। वह 2002 में 15 साल, एक महीने, 27 दिन की उम्र में ग्रैंडमास्टर खिताब हासिल करने वाली सबसे कम उम्र की महिला बनीं और 2600 ईएलओ रेटिंग अंक को पार करने वाली दूसरी महिला बनीं। हंपी ने 2017 में अपनी बेटी अहाना को जन्म दिया जिसके बाद उन्होंने मातृत्व ब्रेक लिया। वह दो साल बाद वापसी करते हुए 2019 में महिला विश्व रैपिड चैंपियन बनीं और फिडे महिला ग्रां प्री 2019-21 सत्र में उपविजेता रहीं। यह 36 वर्षीय खिलाड़ी हांगझोउ में एकल के साथ-साथ टीम स्पर्धा में भी भाग लेगी।

हरिका द्रोणावल्ली (शतरंज)

यह भारतीय ग्रैंडमास्टर विश्व चैंपियनशिप की तीन बार की पदक विजेता है। यह 32 वर्षीय खिलाड़ी दुनिया भर की महिलाओं के लिए एक प्रेरणा है। हरिका पिछले साल गर्भावस्था के नौवें महीने में बेहद दबाव वाले टूर्नामेंट शतरंज ओलंपियाड में खेली थीं। एशियाई खेलों की तैयारी के लिए वह तैयारी शिविरों के दौरान अपने साथियों के साथ ऑनलाइन जुड़ेगी। हंपी, आर वैशाली, तानिया सचदेव और भक्ति कुलकर्णी के साथ हरिका ने शतरंज ओलंपियाड में महिला टीम स्पर्धा का कांस्य पदक जीता जो महिला वर्ग में भारत का पहला पदक था। इसके कुछ दिनों बाद उनके यहां बेटी हनविका ने जन्म लिया। वह 2010 के ग्वांग्झू खेलों के व्यक्तिगत कांस्य पदक में एशियाई खेलों का एक और पदक जोड़ना चाहेंगी।

मनप्रीत कौर (गोला फेंक)

मनप्रीत कौर महिलाओं की गोला फेंक स्पर्धा में भाग लेंगी। राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक मनप्रीत ने 2010 में दिल्ली राष्ट्रमंडल खेलों में भारत का प्रतिनिधित्व किया था। फिर उन्होंने अपनी शादी और बेटी जसनूर के जन्म के लिए तीन साल का ब्रेक लिया। वह 2016 में प्रतिस्पर्धी प्रतियोगितओं में लौटीं और अपने खेल में रियो 2016 ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने वाली एकमात्र भारतीय महिला बनीं। मनप्रीत पर जुलाई 2017 में चार साल का डोपिंग प्रतिबंध लगाया गया था। लेकिन उन्होंने पिछले साल मजबूत वापसी करते हुए गोले को 18.06 मीटर की दूरी तक फेंककर न केवल अपना राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ दिया बल्कि गोला फेंक में 18 मीटर की दूरी को पार करने वाली पहली भारतीय महिला खिलाड़ी भी बन गईं।

खेलढाबा.कॉम के साथ जुड़कर अपने बिजनेस को दें नई उड़ान

विज्ञापन देने के लिए संपर्क करें

Call For Advertisment

7870100025

संक्षिप्त खबरें

एएफसी चैंपियन्स लीग में नासाजी मजांद्रन से हारा मुंबई सिटी एफसी

पुणे। मुंबई सिटी एफसी ने एएफसी चैंपियन्स लीग (एसीएल) में अपने अभियान की निराशाजनक शुरुआत की जब टीम को सोमवार को यहां पदार्पण कर रही ईरान की नासाजी मजांद्रन के खिलाफ 0-2 से हार का सामना करना पड़ा। मेहमान टीम की ओर से अहसन होसेनी (34वें मिनट) और मोहम्मदरेजा आजादी (62वें मिनट) ने गोल दागे। मुंबई की टीम ने अच्छी शुरुआत की। नौवें मिनट में लालियानजुआला छांगटे गोल दागने में नाकाम रहे। नासाजी ने इसके बाद अहसन के गोल से बढ़त बनाई। मेहमान टीम मध्यांतर तक 1-0 से आगे थी। दूसरे हाफ में मोहम्मदरेजा ने एक और गोल दागकर नासाजी की 2-0 से जीत सुनिश्चित की।

सुब्रतो कप टूर्नामेंट मंगलवार से दिल्ली में

नई दिल्ली। सुब्रतो कप अंतर्राष्ट्रीय फुटबॉल टूर्नामेंट का 62वां संस्करण मंगलवार से जूनियर गर्ल्स (अंडर 17) मैच से शुरू होगा। डॉ. बीआर अंबेडकर स्टेडियम में उद्घाटन समारोह के बाद बेथलहम वेंगथलांग मिडिल स्कूल-2, मिजोरम और त्रिपुरा स्पोर्ट्स स्कूल, बदरघाट के बीच शाम 4.50 बजे मैच होगा। बालिका वर्ग में पहली बार जम्मू-कश्मीर का कोई स्कूल टूर्नामेंट में भाग लेगा। सुब्रतो कप का लाइव प्रसारण स्पोर्ट्सकास्ट इंडिया यूट्यूब चैनल पर किया जाएगा। सुबह, ग्रुप ई के एक अन्य मैच में तेजस फुटबॉल ग्राउंड में वसंत वैली स्कूल, वसंत कुंज, दिल्ली का सामना जवाहर नवोदय विद्यालय, पिथौरागढ़, उत्तराखंड से होगा। यह इस वर्ष के संस्करण का उद्घाटन गेम होगा और इसका किक-ऑफ निर्धारित समयानुसार सुबह आठ बजे होगा। उद्घाटन समारोह की शुरुआत भारतीय वायु सेना की एयर वारियर ड्रिल टीम की शानदार परेड से होगी जिसके बाद वायु सेना बाल भारती स्कूल के स्कूली बच्चों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक पेश किया जाएगा। जूनियर गर्ल्स वर्ग में कुल 33 टीमें मैदान में हैं, जिन्हें आठ समूहों में विभाजित किया गया है, जिसमें बांग्लादेश के बांग्लादेश क्रिडा शिक्षा प्रतिष्ठान (बीकेएसपी) भी शामिल है।

छह में से पांच भारतीय पहलवान ओलंपिक कोटा की दौड़ से बाहर

बेलग्रेड। भारत के पुरुष फ्रीस्टाइल पहलवानों का विश्व चैंपियनशिप में प्रदर्शन निराशाजनक रहा जब ओलंपिक कोटा के दावेदार छह पहलवानों में से पांच इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट से बाहर हो गए और सिर्फ अभिमन्यु ही गैर ओलंपिक 70 किग्रा वजन वर्ग में पदक दौर में पहुंच सके। अधिक निराशाजनक हालांकि यह रहा कि भारतीय पहलवानों को ऐसे देशों के प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा जिन्हें कुश्ती में अच्छे प्रदर्शन के लिए नहीं जाना जाता जिससे बेलग्रेड पहुंचने वाले खिलाड़ियों की फिटनेस पर संदेह है। सचिन मोर (79 किग्रा) को नॉर्थ मैसेडोनिया के अहमद मागोमेदोव के खिलाफ तकनीकी दक्षता के आधार पर शिकस्त का सामना करना पड़ा जबकि अनुज कुमार (65 किग्रा) क्वालीफिकेशन दौर की बाधा भी पार नहीं कर पाए। अनुज को मैक्सिको के क्ली गोमेज के खिलाफ 7-8 से हार झेलनी पड़ी। भारतीय पहलवानों के मैक्सिको और नॉर्थ मैसेडोनिया के पहलवानों के खिलाफ हारने की संभावना नहीं थी।

रांची जिला क्रिकेट : क्लबों का रजिस्ट्रेशन 25 सितंबर से

रांची। पिछले दिनों रांची जिला क्रिकेट संघ की कार्यकारणी की बैठक रांची जिला क्रिकेट संघ के नए कार्यालय रैकेट बिल्डिंग,जे एस सी ए काम्प्लेक्स, धुर्वा में संघ के अध्यक्ष अविनाश कुमार की अध्यक्षता में हुई। इस बैठक में सत्र 2023-24 को लेकर कई निर्णय लिये गए। सत्र 202324 में क्लब एवं खिलाड़ियों का पंजीयन आगामी 25 सितंबर से 10 अक्टूबर तक किया जाएगा। पंजीयन फॉर्म के लिए संघ के कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं एवं विस्तृत जानकारी के लिए सुनील पाल (सहायक सचिव, मोबाईल नम्बर 8789472512) से संपर्क कर सकते हैं।

हॉकी रैंकिंग : भारतीय पुरूष तीसरे, महिलायें सातवें स्थान पर

लुसाने (स्विटजरलैंड)। भारतीय पुरूष हॉकी टीम अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ की ताजा रैंकिंग में तीसरे स्थान पर पहुंच गई। भारत (2771) मई 2022 में शीर्ष तीन से बाहर हो गया था। भारत की रैंकिंग में सुधार पिछले महीने एशियाई चैम्पियंस ट्रॉफी में खिताबी जीत मिलने से हुआ है। भारत ने सात में से छह मैच जीते और एक ड्रॉ रहा। यूरो हॉकी फाइनल में नीदरलैंड से हारी इंग्लैंट टीम शीर्ष तीन से बाहर हो गई। नीदरलैंड (3113) शीर्ष पर है जबकि बेल्जियम (2989) दूसरे स्थान पर है। जर्मनी पांचवें और आस्ट्रेलिया छठे स्थान पर है जबकि उनके बाद अर्जेंटीना और स्पेन हैं। महिला रैंकिंग में नीदरलैंड शीर्ष पर है जबकि आस्ट्रेलिया दूसरे और अर्जेंटीना तीसरे स्थान पर है। बेल्जियम चौथे और जर्मनी पांचवें स्थान पर है। भारत एक पायदान चढकर सातवें स्थान पर पहुंच गया है। स्पेन आठवें, न्यूजीलैंड नौवे और जापान दसवें स्थान पर है।

मोइनुल हक कप फुटबॉल : मुंगेर व जमुई अगले चरण में

मोइनुल हक कप फुटबॉल के अंतर्गत दरभंगा में हुए जोन 3 मुकाबले के समापन के अवसर खिलाड़ियों के साथ अतिथिगण (बाएं) और बक्सर में जोन वन के ग्रुप ए के मुकाबले के उद्घाटन के अवसर पर खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते अतिथि (दायें)।

दरभंगा, 18 सितंबर

स्थानीय ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय में चल रही 71वीं बिहार राज्य फुटबॉल चैंपियनशिप फॉर एस एम मोइनुल हक ट्रॉफी के जोन 3 से मुंगेर और जमुई ने अगले चरण के लिए क्वालिफाई कर लिया है। मुंगेर ने ग्रुए ए से जबकि जमुई ने ग्रुप बी से आगे बढ़ने की अर्हता पाई है।

जोन 3 की इस चार दिवसीय प्रतियोगिता में टीमों को दो पूलों में बांटा गया था। दोनों पूलों के मैच दरभंगा में ही खेले गए। पूल ए में बेगूसराय, खगड़िया, मुंगेर और समस्तीपुर तथा पूल बी में दरभंगा, मधुबनी, जमुई और नवादा की टीमें थीं। सोमवार को पहला मैच मुंगेर और बेगूसराय के बीच हुआ जिसमे मुंगेर 6 -1 से विजयी हुआ। दूसरा मैच जमुई और दरभंगा के बीच हुआ जिसमें जमुई 3 -1 से जीता।

प्रतियोगिता के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय,दरभंगा के खेल पदाधिकारी प्रो अजय नाथ झा की मंच पर गरिमामयी उपस्थिति रही। इस समापन समारोह की अध्यक्षता बिहार फुटबॉल संघ के सचिव सैय्यद इम्तियाज़ हुसैन ने की। कार्यक्रम का प्रारम्भ स्वागत गान तथा अतिथियों के स्वागत भाषण के साथ हुई। इस प्रतियोगिता के चेयरमैन अमन सिंह ने अतिथियों का पाग, चादर, पुष्पगुच्छ और स्मृति चिन्ह देकर स्वागत करते हुए कहा कि यह हम सभी के लिए सम्मान की बात है कि आप जैसे महान विभूति और कर्मशील व्यक्ति इस मंच को सुशोभित कर रहे हैं।

मुख्य अतिथि प्रो अजय नाथ झा ने खिलाड़ियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि खेल व्यक्ति की कुशलता, कार्य क्षमता को सुधारता है और मानसिक और शारीरिक रुप से थकान होने से बचाव करता है। यह छात्रों के बीच शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार लाने का एक अभिन्न हिस्सा है।

खेल और शिक्षा दोनों को अपने जीवन में एक साथ अपनाकर हम महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त कर सकते हैं। अध्यक्षीय भाषण में बिहार फुटबॉल संघ के सचिव मो सैय्यद इम्तियाज़ हुसैन ने सर्वप्रथम खिलाड़ियों को उनके दमदार प्रदर्शन पर बधाई देते हुए कहा कि इस प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने भीषण गर्मी में भी दमदार प्रदर्शन कर अपने खेल के माध्यम से खेल भावना का जो परिचय दिया है वह वाकई कबीले तारीफ है। खेल न केवल हमारा भरपूर मनोरंजन करते है बल्कि अच्छे स्वास्थ्य और उचित मानसिक चेतना के लिए भी आवश्यक है। खेल भावना से युक्त जीवन आन आनंददायी हो जाता है क्योंकि वह जीवन को जय-पराजय से मुक्त रखने के लिए प्रेरणा का कार्य करता है। आयोजन सचिव मनीष राज ने बताया कि इस प्रतियोगिता के चौथे दिन कुल दो मैचों का आयोजन होने के उपरांत समापन समारोह का आयोजन किया गया जिसमे अतिथिगणों के स्वागत और आशीर्वचन के बाद सेन्ट्ल जोन के लिए क्वालीफाई टीम का उद्घोषणा हुई। प्रतियोगिता का समापन प्रतियोगिता के सचिव द्वारा सभी गणमान्य खेल प्रेमियों के प्रेम और सहयोग के लिए धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। इस मौके पर प्रो विजय शंकर झा, हेड ऑफ़ रेफरी सत्येंद्र कुमार, कृष्णा, राहुल कुमार, दानिश अहमद, सुनील चौधरी, अमित सिंह, अजित कुमार इत्यादि के साथ भारी संख्या में खेलप्रेमी मैदान में मौजूद रहे।

बक्सर ने नालंदा को किया पराजित

बक्सर। बक्सर जिला के डुमरांव में मोइनुल हक कप फॉर 71वीं बिहार अंतर जिला फुटबॉल चैंपियनशिप के जोन वन के ग्रुप ए के मुकाबले शुरू हुए। उद्घाटन मैच में बक्सर ने नालंदा को 2-0 से पराजित किया। बक्सर जिला फुटबाल संघ के अध्यक्ष रमेश कुमार सिंह, पूर्व सचिव राजू कुमार सिंह एवं मुख्य अतिथि सहित तमाम गणमान्य व्यक्तित्व मौजूद थे। मैच में रेफरी मोहम्मद सलाम, विशाल कुमार, पूर्वी चंपारण तरुण कुमार, समस्तीपुर एवं अजय यादव थे।

प्रदर्शनी क्रिकेट मैच में सीमाउंट फायर इलेवन विजयी, रवीश चमके

पटना, 18 सितंबर

राजधानी के राजवंशीनगर स्थित ऊर्जा टर्फ स्टेडियम में रविवार को एक प्रदर्शनी क्रिकेट मैच का आयोजन किया जिसमें सीमाउंट फायर इलेवन ने प्रभात खबर की टीम को पराजित किया। प्रभात खबर टीम की कमान अरुण प्रताप के हाथों में थी जबकि सीमाउंट फायर इलेवन का नेतृत्व अमर भारती कर रहे थे। इस मैच में प्रभात खबर की ओर से श्याम बथवाल ने 31 रन बनाये और दो विकेट भी चटकाये। अरुण प्रताप ने 20 रन बनाये और 1 विकेट भी चटकाये। इसके अलावा अशर अहमद खान ने 9 रन की पारी खेली। सीमाउंट फायर इलेवन की ओर से रवीश कुमार सिंह ने 31 रन बनाये और दो विकेट चटकाये। इसे अलावा मृत्युंजय कुमार ने 20 रन,निर्भय कुमार ने 16 और अमर भारती ने 13 रन बनाये। इन तीनों ने दो-दो विकेट चटकाये। प्लेयर ऑफ द मैच का खिताब रवीश कुमार सिंह को दिया गया।

यह है टीम

प्रभात खबर इलेवन

अरुण प्रताप सिंह (कप्तान), श्याम बथवाल, चेतन आनंद, नवनीत शर्मा, प्रभात रंजन,असर अहमद खान, सुमित करपटने,अभय वर्मा, संतोष वर्मा, अविनाश भदानी, ललन सिंह, अनिल ठाकुर, हृदया नन्द तिवारी, अभिषेक प्रताप सिंह, कौशल अग्रवाल (कोच), संजीव कुमार सिंह (टीम मैनेजर) **सीमाउंट फायर इलेवन** : अमर भारती (कप्तान), अविनाश प्रताप सिंह, रविश कुमार सिंह,अभिनव परमार, अविवेक, मृत्युंजय,निर्भय,संदीप,नीरज

टीम दामोदर बना मीडिया कप फुटबॉल का चैंपियन

रांची,18 सितंबर

टीम दामोदर ने मीडिया कप फुटबॉल प्रतियोगिता का खिताब अपने नाम कर लिया है। रविवार को खेले गए मीडिया कप फुटबॉल 2023 के खिताबी मुकाबले में प्लेयर ऑफ द फाइनल अमोद साहू के एकमात्र गोल की बदौलत एक संघर्षपूर्ण एवं रोमांचक मुकाबले में दामोदर ने शंख को 1-0 से हरा विजेता ट्रॉफी अपने नाम की।

मोरहाबादी स्थित बिरसा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम में दूधिया रोशनी में खेले गए फाइनल मैच में पहला हॉफ 0-0 की बराबरी पर छूटा। मैच के 26वें मिनट में अमोद साहू ने गेंद को नेट में डालकर दामोदर को 1-0 की बढ़त दिला दी। इसके बाद शंख की टीम ने एक के बाद कई हमले किए लेकिन दामोदर के डिफेंस को भेदने में सफल नहीं हो पाई और लगातार दूसरे वर्ष टीम दामोदर ने मीडिया कप फुटबॉल प्रतियोगिता का खिताब अपने नाम किया। पिछले वर्ष भी खिताब टीम दामोदर ने जीता था। फाइनल में टीम दामोदर ने टीम गंगा को पराजित किया था। मैच समाप्ति के बाद मुख्यअतिथि पूर्व उपमुख्यमंत्री सुदेश महतो, विशिष्ट अतिथि सीसीएल के निदेशक कार्मिक एच एन मिश्रा, प्रेसक्लब के निवर्तमान अध्यक्ष संजय मिश्र, पूर्व अध्यक्ष राजेश कुमार सिंह समेत अन्य विशिष्ट अतिथियों ने विजेता व उपविजेता टीम को ट्रॉफी देकर, तथा प्रतियोगिता के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों व प्रतियोगिता में भाग लेनेवाले सभी खिलाड़ियों को मोमेंटो देकर सम्मानित किया। आयोजन समिति की ओर से सभी अतिथियों का अभिवादन मोमेंटो देकर किया गया। इस अवसर पर कई गणमान्य अतिथि, प्रतियोगिता में भाग ले रहे खिलाड़ी, प्रेसक्लब के सदस्य व उनके परिजन बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

▶फाइनल में टीम शंख को 1-0 से किया पराजित

ये हैं टूर्नामेंट के हीरो

बेस्ट फॉरवर्ड : संदीप नाग व प्रमोद कुमार सिंह
बेस्ट मिडफिल्डर : संतोष कुमार
बेस्ट डिफेंडर : अरविंद प्रताप
बेस्ट गोलकीपर : किसलय शानू
प्लेयर ऑफ द फाइनल : अमोद साहू

MEDIA CUP
FOOTBALL
TOURNAMENT
2023
CCL
CHAMPIONS

RANCHI PRESS CLUB
MEDIA CUP
FOOTBALL
TOURNAMENT
2023
CCL

झारखंड क्लोज्ड स्क्वैश में आद्या बुधिया बनीं उदीयमान प्लेयर

रांची,18 सितंबर

झारखंड स्क्वैश रैकेट संघ के तीन दिवसीय द्वितीय झारखंड स्टेट क्लोज्ड चैंपियनशिप का समापन क्रॉस कोर्ट में किया गया। इस चैंपियनशिप का समापन मुख्य अतिथि आईपीएस सरोजनी लकड़ा, गेस्ट ऑफ आनर डॉ प्रभात के द्वारा किया गया। इस चैंपियनशिप के फाइनल में बालक अंडर11 ग्रुप के अद्वित अग्रवाल ने स्थविर को, बालक अंडर-13 में वेदांत अग्रवाल ने देवांश अग्रवाल को, गर्ल्स अंडर15 ग्रुप के आद्या बुधिया ने ब्रिया शर्मा को, बालक अंडर17 ग्रुप के विराज गुप्ता ने दर्शित बगला को, वीमेंस ग्रुप के आद्या बुधिया ने कृषा जालान को एवं मेंस ग्रुप के किशन जयपाल सिंह ने शिवेश कनोई को हराकर प्रतियोगिता में अपने- अपने ग्रुप में चैम्पियन घोषित हुए। इस अवसर पर संघ के मुख्य कार्यकारी अधिकारी वरुण कुमार, उपाध्यक्ष दीपक कुमार अग्रवाल, कोच आशीष कुमार बनर्जी, ओनर क्रास कोर्ट श्वेता बुधिया तथा एसआरएफआई एडमिनिस्ट्रेटर पुनीत पारीक, सह कोच सुभाष गांगुली, सुभाष सिंह मुंडा, अभिषेक पांडे एवं विपुल अग्रवाल मौजूद थे।

2nd Jharkhand State
Closed Championship 2023
15,16,17 September 2023
SRFi
JSRA
DE

प्रदर्शनी फुटबॉल मैच में पटना वारियर्स पर्पल ने ग्रीन को हराया

पटना,18 सितंबर

स्थानीय वीर कुंवर सिंह पार्क पर एक प्रदर्शनी फुटबॉल मैच का आयोजन किया जिसमें पटना वारियर्स पर्पल ने ग्रीन को 3-2 से हराया। यह मैच पटना वारियर्स के ऑनर प्रवीण कुमार के जन्म दिन पर खेला गया था। मैच का निर्णय टाई ब्रेकर के जरिए किया गया। मैच के दौरान मो इरफान, नादिर पवेज, सत्यम, मो उमर और प्रवीण कुमार ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया। मैच का उद्घाटन बिहार फुटबॉल एसोसिएशन के सचिव सैयद इम्तियाज हुसैन, एनआईएस कोच नंद किशोर प्रसाद, पटना फुटबॉल संघ के सचिव मनोज कुमार विजय ठाकुर ने संयुक्त रूप से किया। इस मौके पर मो अफाकुद्दीन और संतोष कुमार समेत कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे। यह जानकारी पटना वारियर्स के सचिव चंदु बहादुर थापा ने दी।

कुश्ती के इवेंट से रांची में होगा राज्य स्तरीय खेलो झारखंड का शुभारंभ, तैयारी पूरी

रांची। स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखंड के द्वारा झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद रांची के तत्वावधान में राज्य स्तरीय खेलो झारखंड प्रतियोगिता 2023 का शुभारंभ रांची के गणपत राय इंडोर स्टेडियम, खेल गांव में कुश्ती इवेंट के साथ 19 सितंबर को होगा। जिसके बाद विभीन्न खेलो के अयोजन होगा। राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी धीरसेन ए सोरेंग ने बताया कि प्रतियोगिता का उद्घाटन 11 बजे के. रवि कुमार (सचिव, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखंड), श्रीमती किरण कुमारी पासी, परियोजना (निदेशक, झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद्), भोला नाथ सिंह, श्री मधुकांत पाठक एवं श्री मुकुल टोप्पो करेंगे। प्रतियोगिता में अंडर-14, अंडर-17, अंडर-19 बालक एवं बालिका वर्ग में राज्य के सभी जिले की टीमें भाग लेंगी। इस प्रतियोगिता के उपरांत प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले खिलाडियों के लिए प्रशिक्षण शिविर आयोजित की जायेगी, जिसके पश्चात खिलाड़ी राष्ट्रीय स्कूली खेल (एसजीएफआई) में भाग लेंगे।

पीएम नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर भाजपा क्रीड़ा प्रकोष्ठ ने किया वृक्षारोपण

पटना,18 सितंबर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के 73वें जन्मदिन के अवसर पर भाजपा क्रीड़ा प्रकोष्ठ द्वारा चलाए जा रहे वृक्षारोपण सप्ताह तहत सोमवार को प्रदेश संयोजक सतीश राजू जी के नेतृत्व में पटना के फ्रेजर रोड स्थित कैपिटल टावर के समीप वृक्षारोपण किया गया।

उक्त अवसर पर भाजपा क्रीड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक सतीश राजू ने कहा कि भाजपा क्रीड़ा प्रकोष्ठ प्रत्येक वर्ष प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर समाज को समर्पित कार्यक्रम करती है क्योंकि प्रधानमंत्री ने देश हित में अपना जीवन समर्पित कर दिया है इसी लिए इस वर्ष भी भाजपा क्रीड़ा प्रकोष्ठ उनके जन्मदिन पर वृक्षारोपण सप्ताह का आयोजन कर रही है जिससे समाज के लोग भी वृक्षारोपण हेतु जागरूक हो और अधिक से अधिक वृक्षारोपण करे। उक्त अवसर पर वृक्षारोपण सप्ताह के कार्यक्रम प्रभारी मुकेश पासवान ने बताया कि भाजपा क्रीड़ा प्रकोष्ठ सदैव खेल-खिलाड़ी के साथ साथ समाज हित में भी कार्य करती रहती है। इसी के तहत इस वर्ष भी वृक्षारोपण सप्ताह का आयोजन किया गया है। वृक्षारोपण सप्ताह के तहत रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के शुभ अवसर पर फुलवारी शरीफ ब्लाक स्थित तालाब प्रांगण में वृक्षारोपण कर इस का शुभारंभ किया गया। उक्त अवसर पर भाजपा क्रीड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश प्रभारी अभय सिंह, मुकेश पासवान, विकास सिंह, राजीव रंजन यादव, जय प्रकाश मेहता, अजय मुन्ना, शंकर गुप्ता, सुमित झा, फुलवारी शरीफ नगर अध्यक्ष हरेन्द्र कुमार सिंह, महामंत्री समीर कुमार सिंह, विजय राय, अनिल कुमार, राजेश कुमार, रणजीत कुमार सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित थे।

राज्य सीनियर, जूनियर,कैडेट ग्रैपलिंग कुश्ती 20 से हाजीपुर में

पटना। ग्रैपलिंग कुश्ती कमेटी ऑफ बिहार के तत्वावधान में एवं वैशाली जिला ग्रैपलिंग कुश्ती कमेटी द्वारा तीसरी बिहार राज्य सीनियर (पुरुष/महिला), जूनियर व कैडेट (बालक/बालिका) ग्रैपलिंग कुश्ती चैंपियनशिप का आयोजन 20 से 21 सितंबर तक कुशवाहा आश्रम, हाजीपुर (वैशाली) में किया जायेगा। इस बात की जानकारी देते हुए ग्रैपलिंग कुश्ती कमेटी ऑफ बिहार के अध्यक्ष किसलय किशोर ने बताया कि राज्य ग्रैपलिंग कुश्ती चैंपियनशिप को सफल बनाने हेतु विनोद कुमार धौनी को चैंपियनशिप का संयोजक बनाया गया है। चैंपियनशिप में भाग लेने वाले राज्य के सभी संबंधित जिला ग्रैपलिंग कुश्ती कमेटी को आमंत्रण भेज दिया गया है। सभी टीमों को सुबह 10 बजे प्रतियोगिता स्थल पर रिपोर्ट करना अनिवार्य होगा।



कई भारतीय खिलाड़ियों के लिये आखिरी एशियाई खेल होगा हांगझोउ

नईदिल्ली, 18 सितंबर

टेनिस स्टार रोहन बोपन्ना से लेकर हॉकी के दिग्गज गोलकीपर पी आर श्रीजेश और महान टेबुल टेनिस खिलाड़ी अचंता शरत कमल तक , भारत के कई धाकड़ खिलाड़ी हांगझोउ में एशियाई खेलों से विदा लेंगे। शरत और रोहन चालीस पार करने के बाद भी विश्व स्तरीय प्रदर्शन कर रहे हैं जबकि 35 वर्ष के श्रीजेश अभी भी भारतीय हॉकी की दीवार हैं। अनुभवी पहलवान बजरंग पूनिया, स्क्वाश स्टार दीपिका पल्लीकल, टेनिस खिलाड़ी अंकिता रैना और चक्काफेंक खिलाड़ी सीमा पूनिया के लिये भी यह आखिरी एशियाई खेल हैं। ये सभी कैरियर के आखिरी पड़ाव पर भी पदक के दावेदार हैं।

रोहन बोपन्ना

43 वर्ष के बोपन्ना ने इस साल पुरुष युगल वर्ग में विम्बलडन सेमीफाइनल और अमेरिकी ओपन फाइनल खेला। उन्होंने रविवार यानी 17 सितंबर को ही डेविस कप से विदा ली और हांगझोउ में पुरुष युगल एशियाई खेलों में उनकी आखिरी स्पर्धा होगी। इक्कीस साल पहले एशियाई खेलों में पदार्पण करने वाले बोपन्ना गत चैम्पियन हैं। उन्होंने 2018 में दिविज शरण के साथ खिताब जीता था । वह हांगझोउ में युकी भांबरी के साथ उतर सकते हैं।

अचंत शरत कमल

41 वर्ष के टेबुल टेनिस स्टार शरत कमल अब तक एशियाई खेलों में दो पदक जीत चुके हैं। यह उनका पांचवां और आखिरी टूर्नामेंट है। उन्होंने पिछले साल राष्ट्रमंडल खेलों में तीन स्वर्ण पदक जीते थे। पुरुष टीम ने पिछली बार कांस्य पदक जीता था और इस बार भी पदक की प्रबल दावेदार है। एशियाई खेलों में प्रतिस्पर्धा का स्तर राष्ट्रमंडल खेलों से काफी कठिन रहता है। शरत ने पिछली बार मनिका बत्रा के साथ कांस्य जीता था लेकिन इस बार मनिका एशियाई खेलों में जी साथियान के साथ उतरेगी।

अंकिता रैना

सानिया मिर्जा के बाद एशियाई खेलों में पदक जीतने वाली दूसरी भारतीय महिला टेनिस खिलाड़ी अंकिता रैना इस बार भी पदक की दावेदार है। वह महिला युगल और मिश्रित युगल में भी खेल सकती हैं।

पी आर श्रीजेश

भारतीय हॉकी की दीवार श्रीजेश एक समय में एक ही टूर्नामेंट पर फोकस कर रहे हैं। यह उनके आखिरी एशियाई खेल हैं जिनमें स्वर्ण पदक जीतकर अगले साल होने वाले पेरिस ओलंपिक के लिये सीधे क्वालीफाई करना भारतीय टीम का लक्ष्य है। भारत के लिये 2006 में सीनियर स्तर पर पहला अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने के बाद वह टोक्यो ओलंपिक में 41 साल बाद कांस्य जीतने वाली भारतीय टीम का हिस्सा थे। जकार्ता में कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय टीम को अगर पदक का रंग बदलना है तो उसमें श्रीजेश की अहम भूमिका होगी।

दीपिका पल्लीकल

दो बच्चों की मां दीपिका का यह चौथा और आखिरी एशियाई खेल है। वह एशियाई खेलों में दो एकल और दो टीम पदक जीत चुकी है। वह इस बार मिश्रित युगल में हरिंदर पाल संधू के साथ खेलेगी। दीपिका ने बच्चों के जन्म के बाद जोशना चिनप्पा और सौरभ घोषाल के साथ दो विश्व खिताब जीते। उन्होंने राष्ट्रमंडल खेलों में भी मिश्रित युगल कांस्य जीता था।

बजरंग पूनिया

29 वर्ष के पहलवान पूनिया भारतीय कुश्ती महासंघ के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ कथित यौन उत्पीड़न के मामले में प्रदर्शन की अगुवाई करने के बाद पहली बार मैट पर लौटेंगे। वह 65 किलोवर्ग में गत चैम्पियन हैं। टोक्यो ओलंपिक कांस्य पदक विजेता पूनिया तीसरी बार एशियाई खेलों में भाग लेंगे। वह 2014 में इंचियोन में रजत पदक जीत चुके हैं।

सीमा पूनिया

40 वर्ष की सीमा ने पिछले दो सत्रों में स्वर्ण और कांस्य पदक जीता। बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में वह पदक नहीं जीत सकी थी। एशियाई खेल उनके पास पोडियम पर खड़े होने का आखिरी मौका है।

एशियन गेम्स वॉलीबॉल : पुरुष वर्ग में भारत बनाम कंबोडिया मैच आज

नई दिल्ली। हांगझोऊ 2023 में भारत की पुरुष और महिला वॉलीबॉल टीमें हिस्सा ले रही हैं। पुरुषों का अभियान 19 सितंबर से शुरू हो रहा है जबकि महिलाओं का टूर्नामेंट 30 सितंबर से शुरू होगा। भारत की पुरुष और महिला वॉलीबॉल टीमें पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना के हांगझोऊ में एशियाई खेल 2023 में प्रतिस्पर्धा करेंगी।

वॉलीबॉल टूर्नामेंट 19 सितंबर से 7 अक्टूबर तक चार स्थानों पर खेले जाएंगे। भारतीय पुरुष वॉलीबॉल टीम 19 सितंबर को कंबोडिया के खिलाफ शुरुआती राउंड के पूल सी में अपने अभियान की शुरुआत करेगी।

इस बीच, भारतीय महिला टीम 30 सितंबर को पूल ए में अपने शुरुआती मैच में पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ कोरिया से भिड़ेगी। टोक्यो 1958 में एशियन गेम्स के वॉलीबॉल को पुरुषों के लिए पेश किया गया था। भारत उस संस्करण में तीसरे स्थान पर रहा था।

एशियन गेम्स में हिस्सा लेने के लिए भारतीय टेबुल टेनिस रवाना हुई।

बिना अभ्यास मजबूत चीन से भिड़ेगा भारत

हांगझोउ, 18 सितंबर

एशियाड पुरुष फुटबॉल

- ▶रविवार को चीन पहुंचीं है भारतीय टीम, ठीक से आराम नहीं
- ▶कई दिग्गज खिलाड़ी पहले मैच में नहीं खेलेंगे, मैच शाम पांच बजे से

अंतिम क्षणों में टीम के चयन के कारण भारतीय फुटबॉल टीम अभ्यास सत्र और पर्याप्त विश्राम के बिना मंगलवार को यहां एशियाई खेलों के ग्रुप मैच में मजबूत चीन का सामना करेगी। इंडियन सुपर लीग की कुछ टीमों ने अपने खिलाड़ियों को एशियाई खेलों में भाग लेने की मंजूरी नहीं दी जिसके कारण भारत ने शुक्रवार को आनन-फानन में अंतिम टीम का चयन किया था। टीम रविवार को ही चीन के लिए रवाना हुई जिससे खिलाड़ियों को अभ्यास सत्र में एक साथ मिलकर खेलने का मौका नहीं मिला। यही नहीं 22 सदस्यीय टीम के दो खिलाड़ी डिफेंडर कोन्सम चिंगलेनसाना सिंह और लालचुंगनुंगा बाद में टीम से जुड़ेंगे क्योंकि उनके वीजा तैयार नहीं थे। यह दोनों चीन के खिलाफ मंगलवार को होने वाले मैच के लिए उपलब्ध नहीं रहेंगे जो कि भारत के लिए बड़ा झटका है। इसके अलावा भारत के मुख्य कोच इगोर स्टिमक ने रविवार को कहा कि अनुभवी डिफेंडर संदेश झिंगन और करिश्माई स्ट्राइकर सुनील छेत्री पहले मैच में नहीं खेलेंगे क्योंकि टीम उन्हें अगले दो मैचों में उतारना चाहती है। स्टिमक का फैसला समझा जा सकता है क्योंकि भारत के पास बांग्लादेश (21 सितंबर) और म्यांमार (24 सितंबर) के खिलाफ जीत के अच्छे मौके रहेंगे। चीन की टीम काफी मजबूत है और भारतीय टीम पर्याप्त अभ्यास और विश्राम के बिना इस मैच में उतरेगी। इन सब परिस्थितियों को देखते हुए मुख्य कोच को अपनी रणनीति तैयार करनी पड़ी है। टीम चयन में देरी के कारण उन्हें हवाई अड्डे और विमान के अंदर खिलाड़ियों को अपनी रणनीति से अवगत कराना पड़ा।

चीन की टीम को घरेलू परिस्थितियों का फायदा भी मिलेगा। एशियाई खेलों में इन दोनों देशों के बीच आखिरी मैच 2002 में कोरिया के बुसान में खेला गया था जिसमें भारत को 0-2 से हार का सामना करना पड़ा था। स्टिमक इस बात से अच्छी तरह वाकिफ हैं कि चीन के खिलाफ भारत की जीत की संभावना बहुत कम है। उन्होंने कहा कि उनकी टीम लंबे समय से एक साथ अभ्यास कर रही है। उन्होंने इस साल मार्च से मजबूत टीमों के खिलाफ चार मैच खेले हैं जिनमें से तीन में उसे हार और एक में जीत मिली थी। इसलिए हमारे लिए यह मैच कड़ा होगा क्योंकि चीन ने अपनी इस टीम पर काफी मेहनत की है। स्टिमक ने कहा कि मेरे या खिलाड़ियों के लिए कोई भी टूर्नामेंट औपचारिक नहीं होता। हम ग्रुप चरण से आगे बढ़ सकते हैं लेकिन इसके लिए हमें भाग्य की भी जरूरत पड़ेगी। यही नहीं इसके लिए हमारे खिलाड़ियों को अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन भी करना होगा। टीमों को छह ग्रुप में बांटा गया है जिनमें से चोटी पर रहने वाली दो टीमें और दूसरे स्थान पर रहने वाली चार सर्वश्रेष्ठ टीमें प्री क्वार्टर फाइनल में पहुंचेगी।

एशियाई खेलों में भारतीय दल की रवानगी से पहले ही हुए कई विवाद

नईदिल्ली, 18 सितंबर

हांगझोउ में 23 सितंबर में शुरू हो रहे एशियाई खेलों से पहले कुश्ती में गहराया संकट सबसे बड़ा विवाद रहा और भारतीय दल की हांगझोउ रवानगी से पहले ही कई विवाद सुर्खियों में रहे। भारतीय दल एशियाई खेलों में सौ से अधिक पदक जीतने के इरादे से जा रहा है। ओलंपिक कांस्य पदक विजेता बजरंग पूनिया समेत छह पहलवानों ने भारतीय कुश्ती महासंघ के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ कथित यौन उत्पीड़न के आरोपों को लेकर प्रदर्शन किया था। एशियाई खेलों से पहले भारतीय खेलों से जुड़े कुछ प्रमुख विवाद ये हैं-

कुश्ती

यह खेल मैदान पर नहीं बल्कि मैदान के बाहर की गतिविधियों के लिये चर्चा में रहा। ओलंपिक पदक विजेता पूनिया और साक्षी मलिक के साथ 2018 एशियाई खेलों की स्वर्ण पदक विजेता विनेश फोगाट करीब दो महीने तक भाजपा सांसद और डब्ल्यूएफआई के अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह की बर्खास्तगी की मांग को लेकर धरने पर बैठे। इन्होंने सिंह पर सात महिला पहलवानों के यौन उत्पीड़न के आरोप लगाये थे। खेल मंत्रालय ने महासंघ को भंग कर दिया और भारतीय ओलंपिक संघ द्वारा कठिन तदर्थ समिति को खेल की बागडोर सौंपी। यह समिति भी विवादों के घेरे में ही रही। पूनिया और विनेश को ट्रायल से छूट दे दी गई जिस पर हरियाणा और उत्तर प्रदेश की खाप में दोफाड़ हो गई। विनेश के घायल होने से अंतिम पंघाल को मौका मिला है। पूनिया छूट मिलने के बाद किर्गीस्तान अभ्यास कर रहे हैं और वहीं से चीन पहुंचेंगे।

फुटबॉल

क्लब बनाम देश का विवाद एक बार फिर जोर मारने लगा है। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) को काफी मेहनत करनी पड़ी कि इंडियन सुपर लीग की टीमें एशियाई खेलों के लिये खिलाड़ियों को रिलीज करे। कई दौर की बातचीत के बाद स्टार स्ट्राइकर सुनील छेत्री और अनुभवी डिफेंडर संदेश झिंगन को रिलीज किया गया। आईएसएल क्लबों ने 13 खिलाड़ियों को रिलीज नहीं किया था जिनमें झिंगन और गोलकीपर गुरप्रीत सिंह संधू शामिल थे। एआईएफएफ ने बाद में 22 खिलाड़ियों की संशोधित सूची जारी की जिसमें झिंगन के अलावा चिंगलेनसना सिंह और लालछुंगनुंगा शामिल है।

कुराश

ऐसा शायद पहली बार हुआ है कि किसी टीम की चयन प्रक्रिया की जांच दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा कर रही है। मार्शल आर्ट खेल कुराश गलत कारणों से ही चर्चा में है। दिल्ली उच्च न्यायालय ने चयन प्रक्रिया की जांच के आदेश दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा को दिये हैं। कुराश खिलाड़ी नेहा ठाकुर ने एशियाई खेलों के लिये टीम की चयन प्रक्रिया में धांधली के आरोप लगाते हुए दिल्ली उच्च न्यायालय में याचिका दायर की है। उन्होंने आरोप लगाया कि उनके प्रतिद्वंद्वियों ने उन्हें धमकाया और भारतीय ओलंपिक संघ के मुख्यालय में उन पर हमला किया।

घुड़सवारी

भारतीय ड्रेसेज खिलाड़ी गौरव पुंडीर ने आरोप लगाया कि भारतीय घुड़सवारी महासंघ ने उनके सामने ऐसी बाधायें खड़ी की ताकि वह एशियाई खेलों के लिये क्वालीफाई नहीं कर सकें। पुंडीर ने कहा कि महासंघ ने उनसे यह बात छिपाई कि भारतीय घोड़े पृथकवास के नियमों के कारण चीन में भाग नहीं ले सकते। ऐसे में उन्हें यूरोप में या अन्यत्र घोड़ा तलाशने में काफी समय बर्बाद करना पड़ा।

एशियाई खेलों के लिए श्रीलंका क्रिकेट टीम घोषित

कोलंबो, 18 सितंबर

श्रीलंका ने हांगझाऊ में 23 सितंबर से 8 अक्टूबर तक होने वाले 19वें एशियाई खेलों के लिए अपनी पुरुष और महिला क्रिकेट टीमों की घोषणा कर दी है। चमारी अथापथु महिला टीम का नेतृत्व करेंगी जबकि पुरुष टीम का नेतृत्व सहान अराचिगे करेंगे, जिन्होंने 2023 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण किया है। मध्य क्रम के बल्लेबाज एशेन बंडारा, जिनके नाम 10 से अधिक अंतरराष्ट्रीय मैच हैं, पुरुष टीम में सबसे अनुभवी खिलाड़ी हैं। आईसीसी की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि नुवान तुषारा और नुवानिदु फर्नांडो पुरुष टीम में अंतरराष्ट्रीय अनुभव वाले अन्य खिलाड़ी हैं। अथापत्थु के नेतृत्व में महिला टीम ने इस महीने की शुरुआत में इंग्लैंड पर किसी भी प्रारूप में अपनी पहली श्रृंखला जीत दर्ज करके इतिहास रचा था।

पुरुष टीमः लसिथ क्रूसपुले, शेवोन डेनियल, एशेन बंडारा, सहान अराचिगे (कप्तान), अहान विक्रमसिंघे, लाहिरू उदारा (विकेटकीपर), रविन्दु फर्नांडो, रनिता लियानाराच्ची, नुवानीदु फर्नांडो, सचिथा जयतिलका, विजयकांत वियास्कंथ, निमेश विमुक्ति, लाहिरू समराकून, नुवान तुषारा , इसिथा विजेसुंडेरा।

महिला टीमः चमारी अथापथु (कप्तान), हर्षिता समरविक्रमा, विशमी गुणरत्ने, नीलाक्षी डी सिल्वा, कविशा दिलहारी, इमेशा दुलानी, अनुष्का संजीवनी, ओशादी रणसिंघे, सुगंदिका कुमारी, इनोका राणावीरा, उदेशिका प्रबोधनी, हासिनी परेरा, कौशिनी नुथ्यांगना, अचिनी कुलसूर्या, इनोशी फर्नांडो।

भारत एशियन गेम्स में जीतेगा गोल्ड मेडल : रिंकू सिंह

नईदिल्ली, 18 सितंबर

चीन में होने जा रहे एशियन गेम्स में भारतीय क्रिकेट टीम अपने सफर की शुरुआत 3 अक्टूबर से करेगी। ऋतुराज गायकवाड़ की कप्तानी वाली टीम सीधो क्वार्टरफाइनल मैच से हिस्सा लेगी। आईपीएल से उभरने वाले स्टार बल्लेबाज रिंकू सिंह भी टीम में शामिल हैं। रिंकू ने एशियन गेम्स शुरु होने से पहले उम्मीद जताई है कि फाइनल में भारत और पाकिस्तान की भिड़ंत होगी और भारतीय टीम गोल्ड मेडल जीतकर लौटेगी। टाईम्स ऑफ इंडिया को दिए एक इंटरव्यू में रिंकू ने कहा कि ''मुझे उम्मीद है कि एशियन गेम्स में भारत और पाकिस्तान का फाइनल मैच होगा। हमारे पास एक मजबूत टीम है और प्रतिभाशाली खिलाड़ी हैं। ऋतुराज भाई के रुप में एक प्रतिभाशाली कप्तान हैं।'' रिंकू ने कहा कि ''मैं उनके नेतृत्व में खेलने और जल्द भारतीय टीम में शामिल होने के लिए उत्सुक हूं। मुझे विश्वास है कि भारतीय टीम एशियन गेम्स में गोल्ड मेडल जीतेगी।''एशियन गेम्स में 27 सितंबर से क्रिकेट के मुकाबले शुरु होंगे। जिसमें भारतीय टीम अपना पहला मैच 3 अक्टूबर को क्वार्टरफाइनल 1 के रुप में खेलेगी। एशिया में नंबर एक रैंक होने के चलते भारत को सीधे क्वार्टरफाइनल में जगह मिली है।

इतने लंबे समय तक डेविस कप खेलने पर गर्व हैः बोपन्ना

लखनऊ। भारत के स्टार टेनिस खिलाड़ी रोहन बोपन्ना ने कहा कि लंबे समय तक डेविस कप जैसे प्रतिष्ठित टूर्नामेंट का हिस्सा बने रहने पर उन्हे गर्व का अहसास होता है। बोपन्ना ने रविवार को विश्व ग्रुप-2 मुकाबले में मोरक्को पर जीत हासिल करने के बाद डेविस कप टूर्नामेंट को अलविदा कह दिया। यह युगल मुकाबला गोमती नगर स्थित विजयंत खंड मिनी स्टेडियम में खेला गया जिसमें बोपन्ना और युकी भांबरी ने इलियट बेनचेट्रिट-यूनुस लालामी लारौसी की जोड़ी को 6-2, 6-1 से हराया। बोपन्ना के शक्तिशाली फोरहैंड का विपरीत खेमे के पास कोई जवाब नहीं था। 43 वर्षीय खिलाड़ी ने मैच के बाद प्रेस कांफ्रेंस में कहा '' डेविस कप छोड़ने का दुख है, लेकिन साथ ही इतने लंबे समय तक खेलने पर गर्व भी है। मैं समर्थन के लिए पूरे देश, सभी साथियों और कप्तान को धन्यवाद देता हूं जिनके नेतृत्व में मैंने खेला है। यह एक शानदार यात्रा थी जिसमें सीखने का अनुभव मिला। बोपन्ना हालांकि इस बात से खुश हैं कि अब उन्हें अपने परिवार के साथ बिताने का समय मिलेगा। मुकाबले के बारे में बोलते हुए उन्होंने कहा, '' हमारे लिए विश्व ग्रुप-1 प्लेऑफ़ में जाना बेहद महत्वपूर्ण था जहां भारत को होना चाहिए और अब इसके लिये तैयारी की जरूरत है।

एशियम गेम्स में भाग लेने वाली भारतीय महिला क्रिकेट टीम।

पहले स्वर्ण की तलाश में उतरेगी भारतीय बैडमिंटन टीम

नई दिल्ली 18 सितंबर

चीन के हांगझाऊ में 23 सितंबर से शुरू होने वाले एशियाई खेल 2023 में भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ियों की कोशिश भारत को बैडमिंटन में पहला स्वर्ण पदक दिलाने की होगी।

एशियाई खेलों के 19वें संस्करण में बैडमिंटन प्रतियोगिताएं 28 सितंबर से 7 अक्टूबर तक बिंजियांग जिम्नेजियम में आयोजित की जाएंगी जिसकी शुरुआत टीम इवेंट के साथ होगी। एकल और युगल स्पर्धाएं दो अक्टूबर से शुरू होकर सात अक्टूबर तक चलेंगी।

> **28 सितंबर से 7 अक्टूबर तक बिंजियांग जिम्नेजियम में आयोजित की जाएंगी जिसकी शुरुआत टीम इवेंट के साथ होगी। एकल और युगल स्पर्धाएं दो अक्टूबर से शुरू होकर सात अक्टूबर तक चलेंगी।**

महिला एकल और टीम स्पर्धा में दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु भारत की अगुवाई करेंगी। सिंधु को साल 2018 के एशियन गेम्स में ताई जु यिंग से हारकर रजत पदक से ही संतोष करना पड़ा था। ऐसे में इस बार वह अपने प्रदर्शन को और भी बेहतर करना चाहेंगी। 2018 जकार्ता एशियाई खेल में कांस्य पदक जीतने वाली और लंदन 2012 ओलंपिक खेल की कांस्य पदक विजेता साइना नेहवाल, इस साल प्रतियोगिता में हिस्सा नहीं ले रही हैं। महिला युगल में विश्व बैडमिंटन रैंकिंग में 17वें स्थान पर काबिज़ गायत्री गोपीचंद-त्रिशा जॉली, एशियाई खेल में हिस्सा लेने वाली भारत की शीर्ष महिला जोड़ी है। दोनों ने पिछले साल राष्ट्रमंडल खेल में कांस्य पदक जीता था और अब एशियाई खेल में अपना डेब्यू करने के लिए तैयार हैं। साल 2014 की कांस्य पदक विजेता और भारतीय टीम की अनुभवी खिलाड़ी अश्विनी पोनप्पा ने महिला युगल में तनीषा क्रैस्टो के साथ जोड़ी बनाई है। 33 वर्षीय पोनप्पा एशियन गेम्स में भारत की सबसे अनुभवी शटलर होंगी।

इस बीच, भारतीय पुरुष बैडमिंटन टीम में पुरुष एकल में एचएस प्रणॉय, लक्ष्य सेन, किदांबी श्रीकांत और पुरुष युगल में चिराग शेट्टी-सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी शामिल हैं, ये सभी विश्व चैंपियनशिप के पदक विजेता रह चुके हैं। एचएस प्रणॉय दुनिया में छठे नंबर के बैडमिंटन खिलाड़ी होने के साथ ही भारत के शीर्ष रैंकिंग वाले पुरुष एकल बैडमिंटन खिलाड़ी भी हैं।

उन्होंने अगस्त में कोपेनहेगन में बैडमिंटन विश्व चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीता था, जिसके कारण वह हांगझोऊ 2023 में व्यक्तिगत पदक के लिए भारत के प्रमुख दावेदारों में से एक हैं। ब्रदर्स ऑफ डिस्ट्रक्शन के नाम से मशहूर चिराग शेट्टी और सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी की जोड़ी से भी पदक की उम्मीद होगी। एशियन गेम्स के पिछले संस्करण में, भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ियों ने एक रजत और एक कांस्य पदक जीता था। बैडमिंटन ने साल 1962 में एशियाई खेलों में अपना डेब्यू किया था और उसके बाद से भारत ने इस खेल में एक रजत और नौ कांस्य पदक जीते हैं।

ऑस्ट्रेलिया वनडे सीरीज के लिए भारतीय टीम का ऐलान

रोहित-विराट को आराम, केएल राहुल कप्तान

रविचंद्रन अश्विन की लगभग डेढ़ साल बाद हुई वनडे टीम में वापसी, तीन मैचों के लिए दो टीमें हुई हैं घोषित

मुंबई, 18 सितंबर

वनडे विश्व कप से अब भारतीय टीम के पास सिर्फ तीन वनडे मुकाबले ही बचे हैं। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 22 सितंबर से शुरू होने वाली इसी घरेलू सीरीज के लिए सोमवार को भारतीय टीम की घोषणा कर दी गई। कप्तान रोहित शर्मा के साथ सेलेक्शन कमेटी के हेड अजीत अगरकर ने वर्चुअल प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए भारतीय टीम का ऐलान किया। शुरुआती दो वनडे के लिए अलग टीम चुनी गई है, जिसमें कई सीनियर प्लेयर्स को आराम दिया गया है और कप्तानी केएल राहुल करेंगे जबकि आखिरी वनडे में सीनियर प्लेयर्स की वापसी हुई है।

कुल 20 खिलाड़ियों को दो टीमों में बांटा गया है, जिनमें 12 प्लेयर्स ऐसे हैं, जो पूरी सीरीज में नजर आएंगे, जबकि आठ खिलाड़ी ऐसे हैं जो या तो शुरुआती दो मैच का हिस्सा बनाए गए हैं या फिर आखिरी वनडे के। वर्ल्ड कप से ठीक हफ्ते भर पहले रविचंद्रन अश्विन का चुना जाना भी हैरान करता है।

अश्विन ने अपना अंतिम वनडे मैच जनवरी 2022 में दक्षिण अफ्रीका में खेला था। अगर अक्षर पटेल अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) द्वारा तय की गई 28 सितंबर की समय सीमा तक फिट नहीं हो पाते हैं तो अश्विन को विश्व कप के लिए भारतीय टीम में शामिल किया जा सकता है।

शुरुआती दो वनडे के लिए टीम

केएल राहुल (कप्तान और विकेटकीपर), रविंद्र जडेजा (उप-कप्तान), रुतुराज गायकवाड़, शुभमन गिल, श्रेयस अय्यर, सूर्यकुमार यादव, तिलक वर्मा, ईशान किशन (विकेटकीपर), शार्दुल ठाकुर, वाशिंगटन सुंदर, आर अश्विन, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद शमी, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा

आखिरी वनडे के लिए टीम

रोहित शर्मा (कप्तान), हार्दिक पंड्या, (उप-कप्तान), शुभमन गिल, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, सूर्यकुमार यादव, केएल राहुल (विकेटकीपर), ईशान किशन (विकेटकीपर), रविंद्र जडेजा, शार्दुल ठाकुर, अक्षर पटेल, वाशिंगटन सुंदर, कुलदीप यादव, आर अश्विन, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद शमी, मोहम्मद सिराज

यह है कार्यक्रम

पहला वनडे 22 सितंबर मोहाली
दूसरा वनडे 24 सितंबर इंदौर
तीसरा वनडे 27 सितंबर राजकोट

यह है ऑस्ट्रेलियाई टीम

ऑस्ट्रेलिया ने इस वनडे सीरीज के लिए पहले ही अपनी टीम की घोषणा कर दी है। पैट कमिंस, स्टीव स्मिथ और मिचेल स्टार्क जैसे प्रमुख खिलाड़ियों की टीम में वापसी हुई है। ऑस्ट्रेलिया की टीम कुछ ऐसी हैः पैट कमिंस (कप्तान), डेविड वार्नर, स्टीव स्मिथ, मैट शॉर्ट, मार्नस लाबुशेन, ग्लेन मैक्सवेल, मार्कस स्टोइनिस, मिचेल मार्श, कैमरून ग्रीन, एलेक्स कैरी, नाथन एलिस, जोश हेजलवुड, जोश इंग्लिस, स्पेंसर जॉनसन, सीन एबॉट, तनवीर सांघा, मिशेल स्टार्क और एडम जम्पा

विश्व कप से पहले बड़ी सीरीज

एशिया कप के बाद टीम इंडिया के लिए ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ यह वनडे सीरीज काफी महत्वपूर्ण है। सीरीज का आखिरी मैच 27 सितंबर को खेला जाएगा। इसके बाद एक हफ्ते बाद ही वर्ल्ड कप का बिगुल बज जाएगा, उसके पहले वार्मअप मैच खेले जाएंगे। ऐसे में इस सीरीज को विश्व कप की फुल ड्रेस रिहर्सल के तौर पर देखा जा रहा है।

वर्ल्ड कप के बाद टी-20 सीरीज

ऑस्ट्रेलियाई टीम तीन महीने से भी ज्यादा वक्त के लिए भारत में रहने वाली है। 22 सितंबर से शुरू हो रही वनडे सीरीज के बाद 5 अक्टूबर से वर्ल्ड कप की शुरुआत होनी है। वर्ल्ड कप के बाद भारत-ऑस्ट्रेलिया के बीच पांच मैच की टी-20 सीरीज होगी, जो 23 नवंबर से 3 दिसंबर तक चलेगी।

साउदी को फिटनेस साबित करने का पूरा मौका मिलेगा

लंदन। न्यूजीलैंड के मुख्य कोच गैरी स्टीड ने कहा है कि तेज गेंदबाज टिम साउदी को भारत में अगले महीने होने वाले विश्व कप से पहले अपनी फिटनेस साबित करने का पूरा मौका दिया जायेगा। इंग्लैंड के खिलाफ चौथे वनडे के दौरान एक कैच लपकते समय साउदी के दाहिने अंगूठे की हड्डी टूट गई थी। स्टीड ने कहा कि विशेषज्ञों से राय लेकर उनके बारे में फैसला लिया जायेगा।

उन्होंने कहा कि तब तक हम विश्व कप को लेकर फैसला नहीं ले सकते। हमें समय सीमा को समझना होगा और जानकारी मिलने के बाद ही हम कोई फैसला लेंगे। हम टिम को फिटनेस साबित करने का पूरा मौका देंगे । अगले दस बारह दिन उसके लिये काफी महत्वपूर्ण होंगे। टीमें 28 सितंबर तक विश्व कप टीम में बदलाव कर सकती हैं। उसके बाद उन्हें आईसीसी से अनुमति लेनी होगी।

पंत के प्रभाव से भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाजों की मानसिकता बदली

अहमदाबाद, 18 सितंबर

ऋषभ पंत भले ही आगामी विश्वकप में खेलने के लिए फिट नहीं है लेकिन ऑस्ट्रेलिया के दिग्गज क्रिकेटर एडम गिलक्रिस्ट का मानना है कि इस विकेटकीपर बल्लेबाज ने पिछले छह वर्षों में अपनी अमिट छाप छोड़ी है।

गिलक्रिस्ट ईशान किशन से भी प्रभावित हैं जिन्होंने यह जानते हुए भी कि राहुल पहले विकेटकीपर की भूमिका निभाएंगे, खुद को उसके अनुरूप ढाला

पिछले साल दिसंबर में कार दुर्घटना में घायल होने वाले पंत अभी राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी बेंगलुरु में रिहैबिलिटेशन से गुजर रहे हैं और उनकी अगले साल वापसी करने की संभावना है। उनकी अनुपस्थिति में केएल राहुल विकेटकीपर की जिम्मेदारी निभा रहे हैं जबकि ईशान किशन के मध्यक्रम में विशेषज्ञ बल्लेबाज के रूप में खेलने की संभावना है। गिलक्रिस्ट ने कहा, ''मेरा मानना है कि ऋषभ ने दुनिया भर के विकेटकीपर बल्लेबाजों को अपनी तरह खेलने के लिए प्रेरित किया। यह रोमांचक है कि ऋषभ जैसे युवा खिलाड़ी में इतना प्रभाव छोड़ा। अन्य खिलाड़ियों ने उनका अनुकरण किया और उनकी तरह सकारात्मक रवैये के साथ खेलना शुरू किया।

गिलक्रिस्ट किशन से भी प्रभावित हैं जिन्होंने यह जानते हुए भी कि राहुल पहले विकेटकीपर की भूमिका निभाएंगे, खुद को उसके अनुरूप ढाला।

उन्होंने कहा, '' भारत के पास अच्छे विकल्प हैं। जब राहुल चोटिल होने के कारण बाहर थे तब किशन ने मौकों का अच्छी तरह से फायदा उठाया और उन्होंने वास्तव में अच्छा प्रदर्शन किया। वह सकारात्मक बना रहा और उन्होंने चयनकर्ताओं को उन्हें टीम में बनाए रखने के लिए मजबूर किया।'' ऑस्ट्रेलिया की तरफ से लगभग 400 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने वाले गिलक्रिस्ट ने आगामी विश्व कप में सेमीफाइनल में पहुंचने वाली टीमों को लेकर अपनी स्पष्ट राय रखी। उन्होंने कहा, '' मुझे लगता है कि भारत और पाकिस्तान को सेमीफाइनल में होना चाहिए। इनके अलावा ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड सेमीफाइनल में जगह बना सकते हैं।''

हम प्रशंसकों के लिए विश्व कप जीतने को लेकर हैं प्रतिबद्ध : कोहली

चेन्नई, 18 सितंबर

भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान सह दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली ने कहा है कि वह और टीम के उनके साथी स्वदेश में होने वाले आगामी एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय विश्व कप में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने को तैयार हैं जिससे कि भारतीय प्रशंसकों के सपने को एक बार फिर साकार कर सकें। भारत ने दो बार एकदिवसीय विश्व कप जीता है और टीम ने पिछली बार 2011 में खिताब अपने नाम किया था जब उसने बांग्लादेश और श्रीलंका के साथ मिलकर टूर्नामेंट की संयुक्त मेजबानी की थी।

कहा-एक क्रिकेटर के रूप में इससे अधिक प्रेरणादायी कुछ नहीं है कि करोड़ों प्रशंसक आपके पीछे खड़े हैं

भारत ने महेंद्र सिंह धौनी की अगुआई में मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में श्रीलंका को फाइनल में छह विकेट से हराकर खिताब जीता था। कोहली अब खिताब के 12 साल के सूखे को खत्म करने को बेताब हैं। भारतीय टीम इससे पहले 2015 में ऑस्ट्रेलिया-न्यूजीलैंड और 2019 में इंग्लैंड में खिताब जीतने में नाकाम रही है ।कोहली ने 'स्टार स्पोर्ट्स' से कहा कि जज्बा और प्रशंसकों का समर्थन विश्व कप जीतने की आपकी प्रतिबद्धता को और मजबूत करता है। उन्होंने कहा कि पिछली विश्व कप जीतों की यादें विशेषकर 2011 की ऐतिहासिक जीत, हमारे दिलों में बसी हुई है और हम अपने प्रशसकों के लिए नई यादें तैयार करना चाहते हैं। कोहली ने कहा कि इस शानदार अभियान का हिस्सा बनकर मैं रोमांचित हूं, हमारे प्रशंसकों की भावनाएं इससे जुड़ी हैं और उनके सपने को साकार करने के लिए हम अपना सब कुछ झोंकने के लिए तैयार हैं। आलराउंडर रविंद्र जडेजा ने भी कोहली के सुर में सुर मिलाया।

उन्होंने कहा कि एक क्रिकेटर के रूप में इससे अधिक प्रेरणादायी कुछ नहीं है कि करोड़ों प्रशंसक आपके पीछे खड़े हैं, आपकी सफलता के लिए हौसला अफजाई कर रहे हैं। जडेजा ने कहा कि यह अभियान हमारे प्रशंसकों के जज्बे और दीवानगी की झलक पेश करता है जो टीम इंडिया को जीतते हुए देखना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि यह ऐसी यात्रा है जिस पर हम एक साथ पूरे देश के साथ चलेंगे और हम मैदान पर अपने प्रदर्शन से हमारे प्रशंसकों को गौरवांवित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। भारत विश्व कप में अपने अभियान की शुरुआत आठ अक्टूबर को चेन्नई में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ करेगा।

विराट कोहली ने इंस्टाग्राम पर अपने पसंदीदा सिंगर को अनफॉलो

क्रिकेट सुपरस्टार विराट कोहली ने सोशल मीडिया पर भारत का विकृत नक्शा दिखाने वाली तस्वीर पोस्ट करने के बाद लोकप्रिय गायक शुभ को इंस्टाग्राम पर अनफॉलो कर दिया है। कनाडा स्थित पंजाबी रैपर की हालिया इंस्टाग्राम स्टोरी पर भारत में भारी आक्रोश फैल गया और उन पर खालिस्तानी अलगाववादियों का समर्थन करने का आरोप लगाया गया।

शुभ कोहली के पसंदीदा गायकों में से एक थे। एक समय पर उन्होंने 26 वर्षीय सिंगर के प्रति अपनी प्रशंसा के बारे में ट्वीट भी किया था। कोहली ने इंस्टाग्राम पर पोस्ट करते हुए लिखा था, ''अभी मेरा पसंदीदा कलाकार शुभ वर्ल्ड वाइड और मेरा सदाबहार डांसर इस गाने पर जो कर रहा है वह प्यार है। सचमुच मंत्रमुग्ध कर दिया। इसको लेकर शुभ ने उत्तर दिया था, ''बहुत बहुत धन्यवाद भाजी।'' अप्रैल में, आईपीएल के दौरान, सोशल मीडिया पर एक वीडियो में कोहली और उनकी अभिनेत्री पत्नी अनुष्का शर्मा को जिम में 'एलिवेटेड बाय शुभ' गाने पर डांस करते हुए भी दिखाया गया था। लेकिन जाहिर है, गायक की विवादास्पद पोस्ट ने टीम इंडिया के पूर्व कप्तान को परेशान कर दिया है और उन्होंने उन्हें अनफॉलो करके अपना विरोध दर्ज कराया है। शुभ की पोस्ट के कारण मुंबई में विरोध प्रदर्शन हुआ, जहां उनका 23-25 सितंबर तक प्रदर्शन करने का कार्यक्रम है। भाजपा की युवा शाखा भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) ने हाल ही में रैपर के आगामी संगीत कार्यक्रम के पोस्टर फाड़ दिए। भाजयुमो प्रमुख तजिंदर सिंह तिवाना के हवाले से कहा, ''खालिस्तानियों के लिए कोई जगह नहीं है जो भारत की अखंडता और एकता के दुश्मन हैं। हम कनाडाई गायक शुभ को छत्रपति शिवाजी महाराज की पवित्र भूमि, मुंबई में प्रदर्शन नहीं करने देंगे। यदि उचित कार्रवाई नहीं की गई, तो आयोजकों को हमारे विरोध का सामना करना पड़ेगा।''

विश्व कप से पहले चोटों से परेशान टीमें

आईसीसी वनडे विश्व कप का आगाज होने में अब बस कुछ ही दिन बचे हैं। लेकिन उससे पहले कई टीमों के स्टार खिलाड़ी चोटिल हो गए है। इस लिस्ट में भारतीय टीम के श्रेयस अय्यर से लेकर ऑस्ट्रेलिया ट्रेविस हेड तक शामिल हैं। कई खिलाड़ी तो विश्व कप टीम से बाहर हो चुके हैं और कई पर संशय कायम है। 28 सितंबर तक पता चल जायेगा कि जो बचे चोटिल खिलाड़ी हैं वे अपनी टीम में बने रहते हैं कि नहीं। ऐसे टीम प्रबंधन अपनी वैकल्पिक व्यवस्था बना चुका है। वर्ल्ड कप 2023 का पहला मैच इंग्लैंड बनाम न्यूजीलैंड के बीच 5 अक्टूबर को खेला जाएगा। जबकि इस मेगा इवेंट का फाइनल मुकाबला 19 नवंबर को खेला जाना हैं। आइए चलिए जानते हैं उन चोटिल खिलाड़ियों के नाम

अक्षर पटेल (भारत)

भारत के स्पिन ऑलराउंडर को एशिया कप 2023 के सुपर- 4 में बांग्लादेश के खिलाफ खेलते समय अपने बाएं क्वाड्रिसेप्स में खिंचाव का सामना करना पड़ा था। अक्षर ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भारत की तीन मैचों की वनडे सीरीज में शामिल नहीं हो सकते हैं, लेकिन टीम प्रबंधन को उम्मीद है कि वह वर्ल्ड कप के लिए समय पर ठीक हो सकते हैं।

श्रेयस अय्यर (भारत)

श्रेयस अय्यर की लंबे समय से चली आ रही पीठ की चोट एशिया कप 2023 के दौरान वापस आ गई। उन्होंने टूर्नामेंट के शुरुआती दो मैच खेले थे। लेकिन सुपर -4 चरण से पहले उनकी पीठ में ऐंठन हो गई, जिसके बाद उन्हें बाहर होना पड़ा।

नसीम शाह (पाकिस्तान)

एशिया कप 2023 के सुपर-4 में भारत का सामना करते हुए पाकिस्तान के तेज गेंदबाज नसीम शाह को कंधे में चोट लग गई थी। पीसीबी की नवीनतम रिपोर्टों के अनुसार, नसीम आगामी वर्ल्ड कप में कोई भूमिका नहीं निभा सकते हैं।

हारिस रऊफ (पाकिस्तान)

पाकिस्तान का एक और तेज गेंदबाज हारिस रऊफ भी एशिया कप में भारत के खिलाफ सुपर-4 मुकाबले के दौरान चोटिल हो गए थे। हारिस रऊफ ने भारत के खिलाफ मैदान छोड़ने से पहले सिर्फ पांच ओवर गेंदबाजी की थी. हालांकि रऊफ के वर्ल्ड कप तक पूरी तरह से ठीक होने की उम्मीद है।

महेश थीक्षाना (श्रीलंका)

श्रीलंका के स्पिनर महेश थीक्षाना को पाकिस्तान के खिलाफ अपने अंतिम सुपर-4 मैच में हैमस्ट्रिंग की चोट लग गई थी, जिसके कारण वह एशिया कप 2023 के फाइनल से भी बाहर हो गए, जिसमें श्रीलंका 10 विकेट से हार का सामना करना पड़ा था। थीक्षाना की गैरमौजूदगी टीम को वर्ल्ड कप में नुकसान दे सकती है।

वानिंदु हसरंगा (श्रीलंका)

श्रीलंका के स्पिन ऑलराउंडर वानिंदु हसरंगा लंका प्रीमियर लीग के दौरान जांघ में खिंचाव के कारण पूरे एशिया कप 2023 में नहीं खेल पाए थे, हसरंगा ने लंका प्रीमियर लीग में बेहद शानदार प्रदर्शन किया था और वो टॉप स्कोरर और टॉप विकेट लेने वाले गेंदबाज रहे थे।

दुष्मंथा चमीरा (श्रीलंका)

श्रीलंकाई तेज गेंदबाज दुष्मंथा चमीरा को लंका प्रीमियर लीग के दौरान कंधे में चोट लग गई थी, जिसके बाद वो एशिया कप 2023 से बाहर हो गए। आगामी वर्ल्ड कप में भी उनका खेलना संदिग्ध है, जिससे श्रीलंकाई तेज आक्रमण कमजोर हो सकता है।

एनरिक नॉर्खिया (दक्षिण अफ्रीका)

दक्षिण अफ्रीकी तेज गेंदबाज एनरिक नॉर्खिया पीठ के निचले हिस्से की चोट से जूझ रहे हैं। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दक्षिण अफ्रीका के दूसरे वनडे के दौरान वापसी की लेकिन सिर्फ पांच ओवर फेंकने के बाद मैदान से बाहर चले गए। नॉर्टजे को इंडियन प्रीमियर लीग में खेलने का अपना विशाल अनुभव प्रोटियाज़ के लिए भारी पड़ सकता है।

टिम साउदी (न्यूजीलैंड)

न्यूजीलैंड के अनुभवी तेज गेंदबाज टिम साउदी को इंग्लैंड के खिलाफ वनडे सीरीज के दौरान अंगूठे में फ्रैक्चर हो गया था। लॉर्ड्स में कैच छोड़ते समय साउदी के दाहिने अंगूठे की हड्डी खिसक गई और उसकी हड्डी टूट गई। ऐसे में माना जा रहा है कि वो वर्ल्ड कप से बाहर हो सकते हैं।

ट्रैविस हेड (ऑस्ट्रेलिया)

दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ वनडे सीरीज के दौरान ऑस्ट्रेलिया के सलामी बल्लेबाज के बाएं हाथ में फ्रैक्चर हो गया था। हालांकि हेड के चोटिल होने से ऑस्ट्रेलिया को बहुत बड़ा झटका लगा है, क्योंकि हेड ने टॉप पर डेविड वॉर्नर के साथ शानदार प्रदर्शन कर रहे थे।

विश्व कप से पहले शीर्ष वनडे टीम रैंकिंग की होड़ हुई तेज

दुबई। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) पुरुष क्रिकेट विश्व कप की शुरुआत से पहले नंबर एक वनडे टीम बनने की होड़ अगले कुछ दिनों में तेजी आयेगी। एशिया कप हालांकि समाप्त हो गया है। पाकिस्तान एशिया कप 2023 में जल्दी बाहर होने और फाइनल में श्रीलंका पर भारत की प्रचंड जीत के बावजूद नंबर 1 स्थान पर कायम है। दक्षिण अफ्रीका से सीरीज हारने के बाद ऑस्ट्रेलिया ने भी रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंचने का मौका गंवा दिया।

ऑस्ट्रेलियाई टीम श्रृंखला में 2-0 से आगे थी, इससे पहले मेजबान टीम ने जबरदस्त वापसी की और लगातार तीन मैच जीतकर रविवार को श्रृंखला जीत ली। आईसीसी की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि फाइनल से पहले बंगलादेश से हार से भारत की रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंचने की संभावना कम हुई और यहां तक कि श्रीलंका के खिलाफ सिर्फ छह ओवर में मिली रिकॉर्ड-तोड़ जीत भी भारतीय टीम को शीर्ष पर नहीं पहुंचा सकी।

भारत मौजूदा समय में दूसरी रैंकिंग पर है और यदि 22 सितंबर से शुरू होने वाली सीरीज में ऑस्ट्रेलिया पर घरेलू मैदान पर जीत दर्ज कर लेता है तो वह रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंचने की स्थिति में आ सकता है। यदि भारत आस्ट्रेलिया से पहला वनडे जीत जाता है तो वह पाकिस्तान को पछाड़कर क्रिकेट के तीनों प्रारूपों में नंबर एक टीम बन जाएगा।

रोहित शर्मा के नेतृत्व में टीम एशिया कप में शानदार जीत दर्ज चुकी है। मेजबान टीम अगले हफ्ते शुक्रवार तक वह मोहाली में पहले वनडे में ऑस्ट्रेलिया को हराकर नंबर 1 स्थान पर पहुंचने के लिए पूरी ताकत झोंक देगी। ऑस्ट्रेलियाई कैप्टन पैट कमिंस की टीम के खिलाफ भारत की आगामी तीन मैचों की श्रृंखला यह तय करने में महत्वपूर्ण साबित हो सकती है कि कौन सी टीम नंबर एक रैंकिंग के साथ विश्व कप में प्रवेश करेगी। यदि भारत ऑस्ट्रेलिया से श्रृंखला हार जाता है, तो पाकिस्तान विश्व कप के लिए शीर्ष क्रम की टीम बनी रहेगी। इसके उलट ऑस्ट्रेलिया से 3-0 की हारता है तो भारत तीसरे स्थान पर खिसक जाएगा और ऑस्ट्रेलियाई टीम शीर्ष पर पहुंच जाएगी।

दक्षिण अफ्रीका से सीरीज हारने के बाद ऑस्ट्रेलिया (मौजूदा रैंकिंग 3) अब विश्व कप की शुरुआत में नंबर एक रैंकिंग वाली टीम बनने की स्थिति में नहीं है। विश्व कप में नंबर एक टीम बनने के लिए उन्हें भारत के साथ सीरीज में उसका सुपड़साफ करना जरुरी होगा। हालाँकि, अगर ऑस्ट्रेलिया सीरीज के पहले दो मैज जीत जीतता है तो भी उसे कम से कम अंतिम वनडे तक रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंचने के लिए उसे तीसरा मैच भी भारत को हराना जरुरी होगा।

विश्व कप से पहले भारत ने लय हासिल की, मध्यक्रम को लेकर चिंता हुई दूर

कोलंबो, 18 सितंबर

भारत तीन हफ्ते पहले जब एशिया कप के लिए श्रीलंका पहुंचा था तो उसके कई सवालों के जवाब तलाशने थे।

अब जब रोहित शर्मा की टीम श्रीलंका से रवाना हो रही है तो वह विश्व कप की चुनौती के लिए पूरी तरह तैयार है। टीम के मध्यक्रम में अब अधिक स्पष्टता है जबकि उसके पास हर माहौल में अच्छा प्रदर्शन करने वाला गेंदबाजी आक्रमण है। अगले महीने से होने वाले विश्व कप को देखते हुए भारत के मध्य क्रम की अनिश्चितता को लेकर एशिया कप से पहले सबसे अधिक चर्चा हो रही थी लेकिन लोकेश राहुल की वापसी और मध्य क्रम में विकल्प के रूप में इशान किशन की मौजूदगी ने टीम की चिंताओं को काफी हद तक दूर किया है।

राहुल के प्रदर्शन से टीम प्रबंधन विशेष रूप से खुश होगा। उन्होंने पाकिस्तान के खिलाफ सुपर चार मुकाबले में शतक जड़ा और इससे भी अधिक महत्वपूर्ण वह जिस भी मैच में खेले उसमें उन्होंने विकेटकीपिंग की। राहुल ने तेज गेंदबाजी पर गोते लगाते हुए कैच पकड़े जबकि बाएं हाथ के स्पिनर कुलदीप यादव के सामने उनकी विकेटकीपिंग प्रभावशाली थी।

यह स्पष्ट है कि राहुल दोहरी भूमिका का लुत्फ उठा रहे हैं और टीम प्रबंधन ने उनकी भूमिका को लेकर स्थिति स्पष्ट कर दी है। राहुल ने कहा, ''टीम प्रबंधन ने मुझे बता दिया है कि मेरी भूमिका क्या है- मध्यक्रम में बल्लेबाजी और विकेटकीपिंग। इसलिए राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) में समय बिताने के दौरान मैंने वहां कोच के साथ विकेटकीपिंग पर काम किया। मैं आश्वस्त था कि मैं टूर्नामेंट में जाकर काम कर सकता हूं।''

भारत को श्रेयस अय्यर से भी इसी तरह की वापसी की उम्मीद थी लेकिन उनकी फिटनेस का अब भी आकलन हो रहा है। हालांकि भारतीय टीम इसे लेकर अधिक चिंतित नहीं है क्योंकि अब उनके पास मध्य क्रम में ईशान किशन के रूप में विश्वसनीय विकल्प है। भारत ने ग्रुप मैच में पाकिस्तान के खिलाफ उन्हें पांचवें नंबर पर बल्लेबाजी के लिए उतारने का जुआ खेला। इस क्रम पर पहली बार बल्लेबाजी करने के बावजूद ईशान किशन उम्मीदों पर खरा उतरा। बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने पाकिस्तान के खिलाफ ग्रुप मैच में अर्धशतक जड़ा और खराब शुरुआत के बाद हार्दिक पंड्या के साथ मिलकर भारतीय पारी को संवारा।

भारत के लिए एकमात्र चिंता स्पिन की अनुकूल पिच पर स्पिनरों का सामना करना है। टीम की इस कमजोरी को एशिया कप के दौरान श्रीलंका और बांग्लादेश के स्पिनरों ने उजागर किया। एशिया कप में खिताबी जीत के दौरान गेंदबाजों का प्रदर्शन प्रभावशाली रहा।

बांग्लादेश के खिलाफ मुकाबले को छोड़कर भारतीय गेंदबाज प्रभावशाली रहे नजर। उन्होंने अधिक महत्वपूर्ण मैचों में बेहतर प्रदर्शन किया जिसमें पाकिस्तान के खिलाफ सुपर चार मुकाबला और श्रीलंका के खिलाफ फाइनल भी शामिल है। कुलदीप ने पाकिस्तान के खिलाफ शानदार गेंदबाजी करते हुए 25 रन देकर पांच विकेट चटकाए। यह 28 वर्षीय गेंदबाज पूरे टूर्नामेंट के दौरान लय में नजर आया और उन्हें श्रृंखला का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया।

कुलदीप की फॉर्म ने भारतीय गेंदबाजी को एक नया आयाम दिया है जबकि एशिया कप के दौरान तेज गेंदबाजों ने भी शानदार प्रदर्शन किया। भारत लगभग एक साल में जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज और हार्दिक पंड्या की तिकड़ी को पहली बार एक साथ उतारने में सफल रहा और इसका शानदार नतीजा मिला। पीठ की चोट के कारण बाहर बुमाराह जुलाई 2022 के बाद पहली बार एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मुकाबला खेलते हुए नजर आए। अधिकतर बुमराह की छाया में रहने वाले सिराज ने श्रीलंका के खिलाफ फाइनल में तूफानी गेंदबाजी करते हुए 21 रन देकर छह विकेट चटकाए।